हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार 15 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 21.5 डिग्री
न्यूनतम 0.4 डिग्री

11 लोहड़ी सामाजिक एकता का प्रतीक ...


12 पुलिस व कबूलपुर पंचायत की पहल ...


## खबर संक्षेप

### इंटर-यूनिवर्सिटी महिला टेनिस प्रतियोगिता 17 से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय 17 से 21 जनवरी तक ऑल इंडिया इंटर-यूनिवर्सिटी महिला टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली विभिन्न विश्वविद्यालयों की टीमों के प्रबंधकों की बैठक 16 जनवरी को दोपहर 1:00 बजे आयोजित की जाएगी।

### अवैध हथियारों के साथ युवक को पकड़ा

**रोहतक।** पुलिस की स्पेशल डिटेक्टिव स्टाफ (एसडीएस) टीम ने कलानौर थाना क्षेत्र में सक्रिय एक युवक को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। आरोपी के कब्जे से तीन देसी पिस्तौल और तीन रॉउंड बरामद किए गए हैं। आरोपी पर मामला दर्ज कर पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा।

### गणतंत्र दिवस को लेकर चलाया सर्च अभियान

**रोहतक।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुरक्षा को लेकर पुलिस ने पूरे जिले में कॉम्बिंग और सर्चिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से गहन पूछताछ की गई। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने मकानों में रह रहे किरायेदार और घरेलू नौकरों का तुरंत सत्यापन कराएं। अभियान के तहत सभी थाना/चौकी प्रभारी और मित्र कक्ष सक्रिय हैं। पुलिस ने आमजन से संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या वाहन की सूचना देने की अपील की।

### प्रो.बशीर ने एमडीयू का शैक्षणिक दौरा किया

**रोहतक।** कश्मीर विश्वविद्यालय के बिजनेस स्कूल के वरिष्ठ शिक्षाविद् प्रो. बशीर अहमद ने बुधवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) का शैक्षणिक दौरा किया। उन्होंने इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च के निदेशक प्रो. प्रदीप अहलावत के साथ विश्वविद्यालय-इनक्यूबेटेड फूड ट्रक स्टार्टअप डेफेटेरिया का अवलोकन किया। प्रो. आशीष दहिया ने बताया कि यह पहल दिव्यांगजनों के लिए सम्मानजनक आजीविका, कौशल विकास और उद्यमिता को बढ़ावा देती है।

### जमना लाल बजाज पुरस्कार के लिए आज अंतिम तिथि

**रोहतक।** उपायुक्त ने बताया कि जमनालाल बजाज फाउंडेशन, मुंबई द्वारा वर्ष 2026 के लिए जमना लाल बजाज पुरस्कारों के लिए 15 जनवरी तक सिफारिशें आमंत्रित की गई हैं। सिफारिशें फाउंडेशन की ईमेल आईडी पर भेजी जा सकती हैं। फाउंडेशन ग्रामीण समुदाय एवं राष्ट्र के उत्थान की दिशा में निस्वार्थ भाव से किए गए उत्कृष्ट योगदान को पहचान दिलाने के लिए तीन राष्ट्रीय एवं एक अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

## निजी स्कूल संचालक से 10 करोड़ की चौथ मांगे जाने का मामला गर्माया

### पुलिस की नाकामी
**व्यापारी परेशान, पहले भी रंगदारी की कई वारदातें हो चुकी**

# विदेश से आई कॉल, भय के साये में स्कूल संचालक

### रोहित गोदारा गैंग का नाम आया, पुलिस का इनकार, परिवार चुप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में एक निजी स्कूल संचालक से 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगे जाने की चर्चाओं ने एक बार फिर कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला सामने आने के बाद शहर के शैक्षणिक, कारोबारी और सामाजिक हलकों में हलचल मची हुई है। हालांकि पुलिस प्रशासन ने इस तरह की किसी भी रंगदारी की मांग से सिरे से इनकार किया है, लेकिन स्कूल संचालक और उसके परिवार की चुप्पी ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। सूत्रों के अनुसार, इस कथित रंगदारी प्रकरण को रोहित गोदारा गैंग से जोड़कर देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि स्कूल संचालक को धमकी भरा कॉल आया था, जिसमें 10 करोड़ रुपये की मांग की गई। वहीं, पहले भी कई लोगों से फिरौती मांगी गई है। कुछ लोग रंगदारी की रकम भी दे चुके है। इसके बाद भी पुलिस नाकाम है।



#### स्कूल के बाहर बढ़ी सुरक्षा

इस पूरे घटनाक्रम के बीच स्कूल के बाहर पुलिस तैनाती और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है। स्कूल गेट पर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी देखे जा रहे हैं और बाहरी लोगों की आवाजाही पर नजर रखी जा रही है। हालांकि इसे एहतियाती कदम बताया जा रहा है, लेकिन स्थानीय लोगों का मानना है कि सुरक्षा बढ़ने के पीछे जरूर कोई वजह है।

#### प्रशासन की भूमिका पर सवाल

फिलहाल पुलिस भले ही इस पूरे मामले को अफवाह बता रही हो, लेकिन रोहित गोदारा गैंग का नाम, पहले की फिरौती की घटनाएं और व्यापारियों में फैला डर यह संकेत देता है कि प्रशासन को सतर्क रहने की जरूरत है। शहर के लोग और व्यापारी वर्ग अब इस बात का इंतजार कर रहे हैं कि सच्चाई क्या है और पुलिस इस डर को खत्म करने के लिए क्या ठोस कदम उठाती है।

#### स्कूल संचालक ने चुप्पी साधी

मामले में स्कूल संचालक और उसके परिवार की चुप्पी सबसे बड़ा सवाल बनी हुई है। मीडिया द्वारा संपर्क करने पर स्कूल संचालक ने किसी भी तरह की टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। न तो उन्होंने फिरौती की पुष्टि की और न ही इससे इनकार किया। स्कूल प्रबंधन की ओर से भी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। इस चुप्पी ने अफवाहों को और हवा दे दी है।

#### यह ऐसा पहला मामला नहीं

रोहतक में यह पहला मामला नहीं है, जब रंगदारी की चर्चाएं सामने आई हों। पिछले कुछ समय में व्यापारियों, होटल संचालकों और अन्य प्रभावशाली लोगों को धमकी भरे कॉल आने की बातें सामने आती रही हैं। कुछ व्यापारियों ने डर के चलते पुलिस को बिना बताए ही फिरौती की रकम दे दी, ताकि जान-माल को कोई नुकसान न पहुंचे। इन मामलों के सार्वजनिक न होने से अपराधियों के हौसले और बढ़े हैं। व्यापारी संगठनों का कहना है कि लगातार ऐसी घटनाओं की चर्चा से शहर का कारोबारी माहौल प्रभावित हो रहा है। लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं।

#### गैंगस्टर के नाम से हड़कंप

इस पूरे मामले में रोहित गोदारा गैंग का नाम सामने आने से चिंता और बढ़ गई है। व्यापारियों का कहना है कि इससे पहले भी इस गैंग के नाम पर हरियाणा और आसपास के इलाकों में रंगदारी मांगने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। ऐसे में यदि मामला सही है, तो खतरनाक साबित हो सकता है।

#### गंभीर परिणाम भुगतने की दी थी चेतावनी

चर्चाओं के मुताबिक, स्कूल संचालक के मोबाइल फोन पर विदेशी नंबर से कॉल आया था। कॉल करने वाले ने खुद को आपराधिक गिरोह से जुड़ा बताया और 10 करोड़ रुपये की रंगदारी की मांग की। कॉलर ने रकम न देने की स्थिति में स्कूल संचालक और उसके परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। बताया जा रहा है कि कॉल के दौरान धमकी देने वाले का लहजा काफी सख्त और डराने वाला था, जिससे स्कूल संचालक तनाव में आ गए।

#### असुरक्षा की भावना बढ़ी

मामला ऐसे समय में सामने आया है, जब रोहतक में पहले भी रंगदारी की कई वारदातें चर्चा में रह चुकी हैं। कुछ व्यापारियों ने डर के चलते पुलिस को बिना बताए ही रंगदारी की रकम दे दी थी। व्यापारियों का कहना है कि बार-बार इस तरह की घटनाओं से असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।

#### आरोपी गिरफ्त से बाहर

सूत्रों की मानें तो कथित रंगदारी मांगने वाले आरोपी अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। हालांकि पुलिस इस पूरे मामले को अफवाह बता रही है, लेकिन रोहित गोदारा गैंग का नाम सामने आने से लोगों की चिंता और बढ़ गई है।

### सुनारिया जेल रोड के पास 29 कुत्ते मृत मिले थे, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

# नसबंदी के ताजा घाव मिलने पर एजेंसी के कार्य पर रोक

### एसडीएम की कमेटी कर रही मामले की जांच

**2000 कुत्तों की हुई थी नसबंदी हर एक के लिए 1180 रुपये मिलने थे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सुनारिया जेल रोड पर मृत मिले 29 कुत्तों के पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद राज से पर्दा उठेगा। प्रशासन द्वारा गठित की गई कमेटी मामले की संवेदनशीलता से जांच पड़ताल कर रही है। ताजा घाव मिलने पर नगर निगम ने कुत्तों की नसबंदी करने वाली एजेंसी के कार्य पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। इस घटना से डॉग लवर्स में गहरा रोष व्याप्त है। उन्होंने सरकार और स्थानीय प्रशासन से सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस ने बीती देर रात एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि एजेंसी ने मौखिक रूप से सफाई दी है कि यह कुत्ते एक दिन मे नहीं बल्कि अलग अलग दिनों में मरे हैं। एक युवक ने सुनारियां चौक के पास 29 कुत्तों के शव लावारिश अवस्था में पड़े हुए देखे थे। मृत कुत्तों के शरीर पर नसबंदी के निशान पाए गए थे। उनके आसपास इंजेक्शन तथा दवाई भी मिली।

#### वेटनरी सर्जन होंगे जिम्मेदार

नगर निगम ने जिस एजेंसी को यह टेंडर दिया है। उसमें स्पष्ट किया गया है कि जिस क्षेत्र में कुत्तों की नसबंदी की जा रही है। उस क्षेत्र में स्थित पशुपालन विभाग के वेटनरी सर्जन की यह जिम्मेदारी होगी कि उनकी देखरेख में यह कार्य किया जाए। अगर कोई अनहोनी होती है तो इसके लिए वेटनरी सर्जन ही जिम्मेदार होंगे।

#### यह मिलना था चार्ज

नगर निगम की तरफ से जिस एजेंसी को यह कार्य दिया गया है। उसे एक कुत्ते के लिए करीब 1180 रुपये का चार्ज दिया जा रहा है। निगम के अधिकारियों के मुताबिक करीब दो हजार कुत्तों की नसबंदी की जा चुकी है।

#### 5 दिन देखरेख में रखा जाता है

सर्जरी के बाद कुत्तों को 5 दिन तक देखरेख में रखा जाता है। ऑपरेशन के बाद कुत्तों को एंटीबायोटिक, दर्द निवारक दवाएं और जरूरी टीके दिए जाते हैं। खाने की व्यवस्था भी एजेंसी को करनी होती है।

#### एफआईआर दर्ज करवाई

सोसायटी फार एनिमल सेफ्टी के सदस्य अरविंद कुमार ने बताया कि इन कुत्तों की नसबंदी की गई थी तो उन्हें पूरी तरह स्वस्थ होने तक निगरानी में रखना था। हमने शिवाजी कॉलोनी थाना में एफआईआर दर्ज करवा दी है।

#### जांच के लिए कमेटी बनाई गई

डॉक्टर्स ने कुत्तों के शवों का पोस्टमार्टम मंगलवार शाम को ही कर दिया है। मामले की जांच के लिए कमेटी बनाई गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। तब तक के लिए एजेंसी के कार्यों पर रोक लगा दी गई है।
**-डॉ आनंद कुमार शर्मा**, नगर निगम आयुक्त।

## गांव रिटौली में दीपांशु हत्याकांड का चौथा आरोपी भी गिरफ्तार

**19 दिसंबर 2025 को दो गुटों के बीच हुई गोलीबारी में युवक की हुई थी मौत**



**रोहतक।** गांव रिटौली में लंबे समय से चल रही रंजिश के कारण 19 दिसंबर 2025 की शाम को की गई झज्जर के दीपांशु की हत्या के मामले में पुलिस ने चौथे आरोपी रवि निवासी रिटौली को गिरफ्तार कर लिया है। यह वारदात दो गुटों के बीच हुई थी। गोलीबारी में दीपांशु की मौत हो गई थी। पुलिस ने अब चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी रवि को अदालत में पेश किया गया जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया।

#### वारदात से भय का माहौल

गांव में इस वारदात से भय का माहौल है। पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी है और शराब ठेके पर सतर्कता बढ़ाई गई है। ग्रामीणों को आगाह किया गया है कि किसी भी तरह की हिंसा में शामिल न हों। वारदात में शामिल अन्य तीन आरोपी पहले ही पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और फरार आरोपी हिमांशु की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## एमडीयू के दो विद्यार्थी भारतीय सेना में चयनित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग के तहत संचालित यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट फॉर ऑल सर्विसेज से प्रशिक्षित दो अभ्यर्थी सेना में बतौर अधिकारी चयनित हुए हैं।



संजीत का चयन एनसीसी स्पेशल एंट्री के अंतर्गत बेंगलुरु चयन बोर्ड से और रक्षित का चयन एनडीए एंट्री के तहत इलाहाबाद चयन बोर्ड से किया है। इसके अलावा सॉफ्ट स्किल्स एवं एसएसबी गाइडेंस प्रोग्राम के चौथे बैच का आयोजन 28 जनवरी से 18 फरवरी तक किया जाएगा।

## गैंगस्टर काला जठेडी सहित छह आरोपी बरी

**एडीजे रजनी यादव की कोर्ट ने सुनाया फैसला**

**रोहतक।** एडीजे रजनी यादव की कोर्ट ने दोहरे हत्याकांड में सुनवाई की। अदालत ने सबूतों के अभाव में काला जठेडी, अनिल सहित छह आरोपियों को आरोपमुक्त कर दिया। मामला 15 साल पहले कारौर निवासी फूल सिंह व सुरेंद्र हत्याकांड का है। पुलिस के अनुसार, 13 मई 2010 को हिम्मत निवासी फूल सिंह निवासी कारौर ने शिकायत दी कि वह खेतीबाड़ी करता है। वह उसका पिता फूल सिंह सहित अन्य कार में गांव से रोहतक जेल पर अपने चाचा श्रीभगवान की मिलाई करने के लिए जा रहे थे। जब कारोर व खेड़ी साध बाईपास के बीच मुर्गी फार्म के पास पहुंचे तो सामने खेड़ी साध की तरफ से एक टवेरा गाड़ी आई, जिसके ड्राईवर नें हमारी कार में टक्कर मारी।

## स्मार्ट सिटी और ई-बस योजना पर सवाल, करोड़ों की परियोजना लटकी

**शहर को आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल परिवहन सुविधा देने की कवायद**

# इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग प्वाइंट स्टेशन का कार्य ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

न्यू बस स्टैंड पर प्रस्तावित इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग प्वाइंट स्टेशन का कार्य लंबे समय से ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है। स्मार्ट सिटी और ई-बस योजना के तहत शहर को आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल परिवहन सुविधा देने के उद्देश्य से इस चार्जिंग स्टेशन की योजना बनाई गई थी, लेकिन जमीनी स्तर पर काम आगे नहीं बढ़ पाया। इससे न केवल योजना की गति पर सवाल खड़े हो रहे हैं, बल्कि आमजन को मिलने वाली सुविधा भी अधर में लटकी हुई है। इलेक्ट्रिक बसों के संचालन को लेकर चार्जिंग प्वाइंट स्टेशन की योजना करीब दो साल पहले तैयार की गई थी। इसके लिए स्थान भी चिन्हित किया गया था और संबंधित विभागों के बीच



बैठकों का दौर चला था। बताया गया था कि चार्जिंग स्टेशन के निर्माण के बाद रोहतक में इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू किया जाएगा, जिससे प्रदूषण कम होगा और यात्रियों को बेहतर सार्वजनिक परिवहन सुविधा मिलेगी। चार्जिंग प्वाइंट स्टेशन से जुड़ी फाइलें अब विभागीय दफ्तरों तक ही सीमित रह गई हैं। न तो निर्माण कार्य शुरू हो पाया और न ही इसकी कोई स्पष्ट समय-सीमा तय की गई है।

#### मिलने वाली बसों के रूट भी तय

मिलने वाली 50 बसों में रोहतक से महम के लिए 8 बसें, सांपला के लिए 8 बसें, कलानौर के लिए 6 बसें, महिला गर्वमेंट कॉलेज लाखनमाजरा के लिए 6 बसें, महिला गर्वमेंट कॉलेज मोखरा के लिए 2 बसें, सांघी तकनीकी कॉलेज के लिए 2 बसें, न्यू बस स्टैंड से वाया दिल्ली बाईपास पीजीआई के लिए छह बसें, शहर के अन्य लोकल रूट ओर कॉलेज के लिए 6 बसें, पीटीसी सुनारिया के लिए 4 बसें व इंडस्ट्रीयल एरिया व बलियाणा के लिए भी दो बसें निर्धारित की गई थी।

#### मुख्यालय से आदेश नहीं आया

यह मुख्यालय से संबंधित मामला है, इस बारे में अभी कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। जब भी आदेश होगा निर्माण कार्य भी शुरू होगा। इससे पहले सिटी में पांच इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है। **-हंसराज सिंह, संस्थान प्रबंधक, रोडवेज डिपो**





डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब अकसर सताए पेट में गैस की समस्या



**मेरी उम्र 38 वर्ष है। पिछले काफी महीनों से मुझे गैस प्रॉब्लम हो रही है। कभी कभार तो चक्कर और वॉमिट भी होने लगता है। इससे छुटकारा पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए? -नरेश, भोपाल**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित है। इसके लिए आप अपनी खान-पान और लाइफस्टाइल में बदलाव करें। अधिक ऑयली, तला-भुना खाना बिल्कुल ना खाएं। दोपहर के खाने में सलाद जरूर खाएं। रात का खाना बिल्कुल हल्का करें और सोने से 3 घंटे पहले खाना खा लें। दूध रात में बिल्कुल ना लें। इस तरह बदलाव करने से आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 34 वर्ष है। सर्दी के मौसम में मेरे बाल ज्यादा झड़ने लगते हैं। बालों में डेंड्रफ भी हो रहा है। कृपया बताएं कि इस समस्या से निजात पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए? -अंकुश, रायपुर**

सर्दियों के मौसम में बाल झड़ने की समस्या ज्यादा होती है, इसकी कई वजहें हैं। पहला डेंड्रफ अधिक होता है, लोग रोज तेज गर्म पानी से नहाते हैं, इससे साथ ही बाल ज्यादातर ढंक कर रखते हैं, इसलिए स्कैल्प को सनलाइट नहीं मिल पाती है। कोशिश करें कि नहाने के बाद थोड़ी देर धूप में बैठें। साथ ही ज्यादा गर्म पानी से ना नहाएं। पानी नॉर्मल होना चाहिए। तरह-तरह के शैंपू के इस्तेमाल से भी बचें।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से मुझे बार-बार सर्दी-जुकाम की प्रॉब्लम हो रही है। दवाई लेने पर ठीक हो जाती है, कुछ दिनों बाद फिर से यही प्रॉब्लम शुरू हो जाती है। कृपया मेरी इस समस्या का कोई स्थाई समाधान बताने का कष्ट करें। -गौतम, बिलासपुर**

आजकल बड़े शहरों में होने वाले प्रदूषण की वजह से इस तरह की समस्या लोगों में देखने को ज्यादा मिल रही हैं। इससे बचने के लिए आप कोशिश करें कि घर से बाहर मास्क लगाकर ही निकलें और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विटामिन सी यानी खट्टे फल अधिक खाएं। कोशिश करें कि फ्रिज में रखी ठंडी डिशेज और ड्रिंक न खाएं-पिएं। दही ताजा ही खाएं। इस तरह बदलाव करने से राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 64 वर्ष है। मैं अकसर अपने यूरीन प्रेशर पर कंट्रोल नहीं कर पाता हूं। इसकी क्या वजह हो सकती है? कृपया इसके समाधान का कोई उपाय बताएं। -राकेश, रोहतक**

बढ़ती उम्र में लोगों को प्रोस्टेट की समस्या देखी जाती है, आपकी समस्या सुनकर भी यही लग रहा है। हालांकि आजकल तो कम उम्र के लोगों में भी यह समस्या हो रही है। आपको एक बार यूरोलॉजिस्ट से संपर्क कर लेना चाहिए। अगर ज्यादा प्रॉब्लम हो रही है और ऑपरेट करने लायक होगा तो डॉक्टर जांच करने के बाद आपको सजेस्ट करेंगे। आपको कुछ एहतियात बरतने होंगे, जिनके बारे में डॉक्टर बताएंगे। बगैर जांच किए कोई भी दवा ना खाएं।

**मेरी उम्र 51 वर्ष है। जब कभी भी मैं ज्यादा चलता हूं या वॉक कर लेता हूं तो मेरे पैरों में सूजन हो जाती है। फिर अपने आप ठीक भी हो जाती है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है? -रामप्रकाश, बलौदा बाजार**

आपको शुगर की समस्या तो नहीं है और अगर है तो आपने शुगर जांच कराना चाहिए। कई बार शुगर बढ़ने की वजह से भी सूजन आ जाती है। हालांकि कई बार मांसपेशियों की वजह से ऐसी समस्या देखी जाती है। फिलहाल आप कोशिश करें कि कम से कम टहलें और एक बार डॉक्टर से संपर्क कर जांच करा लें। उसके बाद ही ट्रीटमेंट हो पाएगा। *

प्रस्तुति: रिचा पांडे

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल**
sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**

अवेयरनेस

डॉ. माजिद अलीम

इन दिनों उत्तर और मध्य भारत के अधिकांश राज्यों में कड़ाके की ठंड हो रही है। ऐसे में हार्ट और बीपी पेशेंट्स को पूरी सावधानी बरतनी चाहिए। जरा सी लापरवाही आपके हार्ट पर भारी पड़ सकती है, जो बहुत रिस्की हो सकता है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि किस तरह आप अपने हार्ट की प्रॉपर केयर कर सकते हैं? इस बारे में यहां डिटेल में बता रहे हैं।

# ठिठुरती सर्दी के दिनों में हार्ट की करें प्रॉपर केयर



जनवरी महीने की ठंड में आमतौर पर लोग सर्दी-खांसी, फीवर से ग्रस्त होते रहते हैं। लेकिन यही ठिठुरन भरी सर्दी हमारे हृदय पर भी भारी पड़ सकती है, यह हममें से ज्यादातर लोग नहीं जानते हैं। दरअसल, सर्दियों में, खासकर दिसंबर मध्य से लेकर फरवरी की शुरुआत के बीच हार्ट अटैक और दिल से जुड़ी आपात स्थितियों के मामले भारत में सबसे ज्यादा दर्ज होते हैं। लेकिन विंडबना यह है कि ज्यादातर लोग इसे मौसम का मामूली असर मानकर नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि हकीकत यह है कि ठंड शरीर के भीतर ऐसी कई प्रतिक्रियाएं शुरू कर देती है, जो हृदय के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकती हैं।

## ठंड का हार्ट पर असर

ठंड लगते ही शरीर अपनी गर्मी बचाने के लिए रक्त नलिकाओं को सिकोड़ने लगता है, इससे अचानक रक्तचाप बढ़ जाता है। दिल को उसी मात्रा में खून पंप करने के लिए तब ज्यादा जोर लगाना पड़ता है। जिन लोगों को पहले से ही हाई ब्लडप्रेशर, शुगर या दिल की बीमारी हो, उन्हें ठंड के मौसम में कोई भी खतरा मोल नहीं लेना चाहिए, क्योंकि जरा-सी लापरवाही ऐसे लोगों के लिए बहुत खतरनाक हो सकती है। कई मामलों में दिल की धमनियों में पहले से ही जमी चर्बी ठंड के कारण सिकुड़न और दबाव से टूट सकती है, जिससे अचानक हार्ट अटैक का खतरा पैदा हो जाता है।

## सुबह का समय सबसे रिस्की

जनवरी के महीने में खासतौर पर दिल के दौरे के मामले सबसे ज्यादा आते हैं और ये ज्यादातर दौरे सुबह के समय ही दर्ज होते हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है कम तापमान। नींद से अचानक उठना और ठंडे फर्श पर पैर रखना तथा वैसी ही स्थिति में शारीरिक गतिविधियां शुरू कर देना रिस्क बढ़ा देता है। जनवरी का महीना खासतौर पर उन लोगों के लिए बेहद खतरनाक होता है, जो सुबह 5-6 बजे जगते हैं और मॉर्निंग वॉक के लिए चल पड़ते हैं। ऐसे लोगों को पता नहीं होता कि वे अनजाने में कितना बड़ा रिस्क ले रहे हैं। दरअसल, ठंड में शरीर की धमनियां पहले से ही संकुचित होती हैं और अचानक तेज चलना या कसरत करने पर दिल पर अतिरिक्त दबाव डालती हैं। इसलिए सर्दी के दिनों में सुबह की सैर टाल देनी चाहिए या फिर ऐसी जगह पर करनी चाहिए, जो चारो तरफ से बंद हो।

## बुजुर्गों के लिए ज्यादा खतरा

ठंड का असर उम्र के साथ और गहरा होता जाता है। बुजुर्गों में शरीर के तापमान को नियंत्रित करने की क्षमता कम हो जाती है। कई बार उन्हें ठंड का एहसास देर से होता है। इसलिए बुजुर्ग व्यक्तियों के लिए ठंड की ठिठुरन बहुत खतरनाक होती है। लेकिन इस उम्र के लोग उसे पहचान नहीं पाते। सीने में दबाव महसूस करना, सांस का रह-रहकर फूलना, असहज बेचैनी होना, इसे ठंड की वजह मानकर नहीं चलना चाहिए। ऐसी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है।

## ब्लड सर्कुलेशन की समस्या

ठंड में चूंकि लोग कम पानी पीते हैं, इस कारण खून गाढ़ा हो जाता है। गाढ़े खून में थक्का बनने की आशंका बढ़ जाती है। यही थक्का या ब्लड क्लॉट वास्तव में हमारे दिल या दिमाग की किसी नली में अगर फंस जाता है, तो हार्ट अटैक या स्ट्रोक हो सकता है। इसके अलावा ठंड में प्रदूषण और कोहरे का असर सांस की नलियों पर पड़ता है, जिससे ऑक्सीजन की आपूर्ति प्रभावित होती है और उसका सीधा दबाव दिल पर पड़ता है। इसलिए सर्दियों में हार्ट अटैक बाकी सभी मौसमों के मुकाबले ज्यादा होते हैं। यही नहीं सर्दियों में हार्ट अटैक कई बार बड़े छुपे किस्म के होते हैं यानी पता ही नहीं चलता कि यह हार्ट अटैक के लक्षण हैं या किसी और समस्या के।

## तब न बरतें लापरवाही

ठिठुरती सर्दी के इस मौसम में अगर सीने में तेज दर्द की बजाय भारीपन महसूस हो, जलन होने लगे, सांस लेने में परेशानी हो और बाएं हाथ या जबड़े में अचानक दर्द महसूस हो तथा पसीना आ जाए तो यह नहीं मानना चाहिए कि यह ठंड का असर है बल्कि तुरंत मानना चाहिए कि हार्ट अटैक के लक्षण हैं और तुरंत डॉक्टरी सहायता लेनी चाहिए।

## इन बातों पर करें अमल

सर्दी के इस मौसम में भी आपका हृदय अच्छे से काम करे, हार्ट अटैक का रिस्क कम हो जाए इसके लिए कुछ बातों पर अमल करें।



- सूरज निकलने से पहले सुबह घर से बाहर खुले मैदान में वॉकिंग करने यानी टहलने से बचें। अगर जाएं तो तब ही जाएं जब धूप अच्छी तरह निकल आए।
- गर्म कपड़े ठीक से पहनें, खासकर छाती और कानों को लगातार ढंके रहें।
- जब सर्दी ज्यादा हो और प्यास बिल्कुल न लग रही हो, तब भी पानी पीते रहें। भले बहुत कम पिएं, लेकिन रह-रहकर पानी पिएं।
- ठिठुरती सर्दी के दिनों में ज्यादा एक्सरसाइज कभी न करें, बस हल्के से वार्मअप कर लें।
- अपने बीपी और शुगर की नियमित जांच करें।
- अगर आपको सीने में अचानक तेज दर्द महसूस हो, चाहे उसकी कोई वजह हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।
- अकेले रहने वाले बुजुर्गों को अपनी हार्ट केयर पूरी सावधानी से करनी चाहिए। *



### क्या कहते हैं हृदय संबंधी रोगों के आंकड़े

**आंकड़े बताते** हैं कि अपने देश में हर साल विभिन्न रोगों से जितनी मौतें होती हैं, उनमें से अकेले हृदय रोगों से 30 से 32 फीसदी लोगों की मौत होती हैं। कहने का मतलब कैंसर, श्वसन रोग, टीबी या संक्रमण आदि किसी भी बीमारी से कहीं ज्यादा लोग हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट से दम तोड़ते हैं। माना जाता है कि लगभग 62 लाख लोग हर साल हृदय रोगों से अपनी जान गंवाते हैं। इसका मतलब यह है कि हर दिन लगभग 17 हजार लोग हृदय रोग से दम तोड़ते हैं यानी हर घंटे 707 और हर मिनट में करीब 12 लोग हृदय रोगों के कारण खत्म हो जाते हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत में हृदय रोग कितनी गंभीर समस्या है। शहरी क्षेत्रों में हृदय रोग की दर 10 से 12 फीसदी है, तो गांवों में अभी भी 4 से 5 फीसदी है। हालांकि पहले हृदय रोग को शहरों की बीमारी ही माना जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। देश के 25 फीसदी से ज्यादा वयस्कों को 18 साल के बाद ही हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत हो रही है। भारतीयों को पश्चिमी देशों के लोगों की तुलना में दस साल पहले अगर हार्ट अटैक आ रहा है तो उसकी वजह यही है कि देश के युवाओं को बड़े पैमाने पर हाइपर टेंशन ने अपनी गिरफ्त में ले लिया है। भारत में हृदय रोगों से बढ़ती मौतों का सबसे बड़ा कारण अस्वस्थ जीवनशैली है। जंक फूड, तैलीय खान-पान, धूम्रपान, शराब की लत और कम व्यायाम भी एक बड़ी समस्या है।

डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. समीर कौशल
डायरेक्टर एंड हेड-ऑफ्थेलमोलॉजी
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

ग्लूकोमा आंखों से संबंधित गंभीर बीमारी है, जिसमें लापरवाही बरतने पर रोशनी हमेशा के लिए जा सकती है। ऐसे में बहुत जरूरी है कि आप इसके आरंभिक लक्षणों के साथ इसे कंट्रोल करने के तरीकों के बारे में भी जानें। इस बारे में दे रहे हैं बहुत उपयोगी जानकारियां।

# कभी इग्नोर ना करें ग्लूकोमा के लक्षण



वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार, दुनिया भर में दृष्टिहीनता (अंधेपन) का दूसरा प्रमुख कारण ग्लूकोमा (काला मोतिया) है। हमारे देश में ही 1 से 2 करोड़ ग्लूकोमा के मरीज हैं। ग्लूकोमा से हुई आंखों को क्षति की भरपाई नहीं की जा सकती। इसलिए ग्लूकोमा को हल्के में लेना नेत्रों की सेहत के लिहाज से भारी पड़ सकता है। यही कारण है कि इस बीमारी के प्रति लोगों में जागरूकता उत्पन्न करने और बचाव के लिए हर साल जनवरी में 'ग्लूकोमा अवेयरनेस मंथ' का आयोजन किया जाता है।

**शुरुआत में दिखते हैं हल्के लक्षण:** ग्लूकोमा के इलाज में समस्या इसलिए आती है क्योंकि इस में शुरुआत में मरीज को कोई लक्षण नजर नहीं आते। जब तक स्पष्ट लक्षण सामने आने शुरू होते हैं, तब तक बहुत नुकसान हो चुका होता है। यहां कुछ ऐसे हल्के लक्षणों के बारे में बता रहे हैं, जिनके नजर आने पर आपको तुरंत अपनी आंखों की जांच करना चरहिए, ताकि ग्लूकोमा को शुरुआत में ही पहचान लिया जाए।

- दृष्टि का धुंधला होना।
- दृष्टि में धब्बे दिखाई पड़ना।
- पास रखी या दूर की वस्तुओं को साफ देखने में दिक्कत महसूस होना।
- सिरदर्द और आंखों में तेज दर्द होना
- प्रकाश में चारों ओर रंगीन छल्ले जैसा नजर आना।
- आंखों में लालिमा होना।
- ऑप्टिक नर्व का धीरे धीरे खराब होना।

**ऑप्टिक नर्व को होता है नुकसान:** ग्लूकोमा में आंखों की ऑप्टिक नर्व धीरे-धीरे खराब होती रहती है। आंखों मे अतिरिक्त दबाव (प्रेशर) बनता है, जिसे मेडिकल भाषा में इंट्राऑकुलर प्रेशर (आईओपी) कहा जाता है। ऑप्टिक नर्व पर लगातार दबाव पड़ने से वह नष्ट भी हो सकती हैं, जिसके दुष्परिणामस्वरूप दृष्टिहीनता भी संभव है। ऑप्टिक नर्व ही मस्तिष्क को किसी वस्तु का चित्र प्रेषित करती हैं। ग्लूकोमा के कारण एक बार जब आंखों की रोशनी क्षीण हो जाती हैं तो उसे दोबारा वापस नहीं लाया जा सकता।

वैसे तो ग्लूकोमा किसी भी आयु वर्ग में हो सकता है लेकिन इसके ज्यादातर मामले 40 वर्ष के बाद सामने आते हैं।

**ग्लूकोमा को कैसे करें नियंत्रित:** स्पष्ट लक्षण दिखने का इंतजार नहीं करना चाहिए। रोग की प्रारंभिक अवस्था में नेत्र विशेषज्ञ से परामर्श लेकर इसे नियंत्रित कर सकते हैं। चालीस साल की उम्र के बाद सबको अपने नेत्र विशेषज्ञ के पास जाकर उनसे ग्लूकोमा के संदर्भ में परामर्श लेना चाहिए। नेत्र सर्जन आंखों में इंट्राऑकुलर प्रेशर की जांच करते हैं। जांच के जरिए अगर शुरुआती दौर में ग्लूकोमा का पता चल जाता है तो इस बीमारी को नियंत्रित करने में काफी हद तक मदद मिलती है।

**इनसे बढ़ता है ग्लूकोमा का रिस्क:** कुछ मामलों में ग्लूकोमा का रिस्क बढ़ सकता है। उनके बारे में जानना जरूरी है।

- 40 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में ग्लूकोमा का जोखिम अधिक होता है।
- जिन लोगों को डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर या हृदय रोग की समस्या है, उनमें ग्लूकोमा का खतरा अधिक होता है।
- ग्लूकोमा की समस्या आनुवांशिक या जेनेटिक भी हो सकती है।
- आंख में चोट लगने से भी नेत्रों के आंतरिक भाग पर दबाव बढ़ सकता है, जिसके परिणामस्वरूप ग्लूकोमा का जोखिम बढ़ जाता है।
- जिन लोगों के चश्मे का नंबर ज्यादा होता है, उनके भी ग्लूकोमा होने की संभावना बढ़ जाती है।
- धूम्रपान से ग्लूकोमा का खतरा बढ़ता है और ऑप्टिक तंत्रिका को नुकसान पहुंच सकता है। इसी तरह लंबे समय तक स्टेरॉयड दवाओं के उपयोग से बचें, क्योंकि ये ग्लूकोमा को बढ़ा सकती हैं।

**रोग बढ़ने से रोकने के तरीके:** जांच के बाद ही नेत्र सर्जन ग्लूकोमा के इलाज की प्रक्रिया सुनिश्चित करते हैं। ग्लूकोमा के इलाज की प्रक्रिया यही है कि इस बीमारी के कारण आंखों को जो क्षति पहुंच चुकी है, उसे आगे बढ़ने से रोका जाए। आंखों को पहले से ही जो क्षति पहुंच चुकी है, उसकी क्षतिपूर्ति या रिकवरी नहीं हो सकती। ग्लूकोमा के इलाज का सबसे जरूरी स्टेप यह है कि इंट्राऑक्यूलर प्रेशर (आईओपी) को कम रखा जाए, ताकि आंख में होने वाले नुकसान को रोका जा सके।

**दवाएं:** आईओपी को कम करने के लिए कई दवाएं उपलब्ध हैं, जिन्हें नेत्र विशेषज्ञ आई ड्रॉप और टैब्लेट्स के रूप में देते हैं।

**सर्जरी:** अगर दवाइयों से इंट्राऑकुलर प्रेशर कंट्रोल नहीं होता, तब डॉक्टर सर्जरी की सलाह दे सकते हैं। ब्लॉकेज का कारण बन रहे टिश्यू को सर्जरी के जरिए हटा देते हैं। जरूरत पड़ने पर लेजर से भी इलाज किया जाता है।

**इन उपायों से आंखें रहेंगी स्वस्थ:** अपनी आंखों को स्वस्थ रखने के लिए कुछ उपायों पर अमल कर सकते हैं। अगर शुरुआत से इन बातों पर ध्यान देंगे तो आपकी आंखें स्वस्थ रहेंगी, समस्याएं दूर रहेंगी।

- स्वच्छ हाथों को आपस में रगड़कर पलकों को एक से दो मिनट तक दबाएं। ऐसा करने से आंखों को राहत मिलती है।
- जहां तक संभव हो स्क्रीन टाइम को कम करें। ऐसा करना आंखों के स्वास्थ्य के लिए बेहतर रहेगा।
- नियमित रूप से व्यायाम करें। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

### डाइट में शामिल करें विटामिन ए रिच फूड्स



**खान-पान** में विटामिन ए को महत्व देने से ग्लूकोमा ठीक नहीं होता, लेकिन आंखों की सेहत को विटामिन ए युक्त खाद्य पदार्थ लेने से कुछ हद तक स्वस्थ रखा जा सकता है। नतीजतन कालांतर में ग्लूकोमा आदि नेत्रों से संबंधित बीमारियों के होने का जोखिम कम हो सकता है। विटामिन ए गाजर में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होता है। इसके अलावा टमाटर, हरी पत्तेदार सब्जियां, संतरा और पपीता आदि भी विटामिन ए के अच्छे स्रोत हैं। विटामिन ए एग और दूध में भी पर्याप्त मात्रा में मौजूद होता है। इसलिए इनका सेवन अधिक करना चाहिए।

डाइट सजेशन

राजकुमार 'दिनकर'

ओवरवेट यानी मोटापा देश-दुनिया में बढ़ रही गंभीर समस्या है। इससे परेशान लोग हर संभव प्रयास करते हैं। अगर आप भी वेटलॉस करना चाहते हैं तो कुछ सब्जियों के जूस यहां बताए जा रहे तरीकों से पीना कारगर हो सकता है।

# वेटलॉस करना है तो पिएं वेजीटेबल्स जूस



अगर आप भी उन लोगों में से हैं, जो मोटापा घटाने के लिए कई उपाय कर चुके हैं, लेकिन मोटापा कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है तो आप फलों और सब्जियों के जूस का नियमित सेवन करके भी अपना वजन घटा सकते हैं। हरी सब्जियों के जूस ज्यादा फायदेमंद होते हैं। इनके रस पोषक तत्वों से तो भरपूर होते ही हैं, ये हमारे शरीर को टॉक्सिंस से भी निजात दिलाते हैं। हालांकि फ्रूट जूस के बजाय वेजीटेबल का जूस लेना ज्यादा फायदेमंद होता है, क्योंकि फलों के जूस में पाए जाने वाली शुगर, वेट घटाने में कम कारगर होती है।

**इन बातों का रखें ध्यान:** अब जानना यह भी जरूरी है कि वेजिटेबल या फ्रूट जूस कब और कैसे पीना चाहिए?

- वेजीटेबल जूस को सुबह लेना फायदेमंद होता है। इसे वर्कआउट करने के बाद लेना चाहिए। वेजीटेबल जूस को छानने की बजाय इसे फाइबर्स समेत पीना चाहिए।
- वेजीटेबल जूस में चुकंदर और गाजर का जूस बनाते समय उसमें चुकंदर की मात्रा ज्यादा और गाजर की कम रखें, तो उससे शुगर कम रहेगी। यह जूस पोषक तत्वों से भरपूर होता है।
- चुकंदर, गाजर, टमाटर, खीरा, पत्तागोभी का मिक्स जूस वजन घटाने वालों के लिए सबसे उत्तम होता है। इनके साथ टमाटर और खीरे को भी मिलाएं।
- सब्जियों के जूस को सुबह या शाम ही नहीं बल्कि भूख लगने पर दिन के समय कभी भी ले सकते हैं।
- धनिया, पुदीना, आंवला, टमाटर, गाजर और बींस इन सब्जियों को मिलाकर भी एक ऐसा वेजीटेबल जूस तैयार किया जा सकता है, जो ब्रेकफास्ट के लिए एक अच्छा विकल्प है।



- गर्भावस्था के दौरान महिलाओं के लिए गाजर, चुकंदर, आंवला और टमाटर का जूस उनकी सेहत को सुधारता है।
- जो लोग फलों का जूस रेग्युलर पीते हैं और गैस की समस्या से परेशान रहते हैं, उनके लिए यह जरूरी है कि वो नियमित एक्सरसाइज भी करें ताकि उनकी पाचनक्रिया दुरुस्त हो सके।
- जिन लोगों को वेजीटेबल जूस पीने से पेट में गैस की समस्या होती है, वे सब्जियों को थोड़ा स्टीम करके उसके बाद जूस बनाएं।
- जिन लोगों को कच्ची सब्जियों का जूस नुकसान पहुंचाता है और किसी खास सब्जी की वजह से पेट में गैस होती है तो उस सब्जी को जूस में शामिल न करें। इससे भी आपको राहत मिलेगी।
- जो लोग शरीर में आयरन की कमी को पूरा करने के लिए जूस का सेवन करना चाहते हैं तो उन्हें विटामिन सी युक्त खाद्य पदार्थों जैसे- संतरा, अनानास और कीवी को शामिल करना चाहिए।
- सेब, कीवी और पालक का जूस भी वजन घटाने में काफी सहायक होता है। सेब से कमर के आस-पास जमा फैट कम होता है, तो विटामिन सी से भरपूर कीवी वसा ऑक्सीकरण में मदद करता है। कम कैलोरी वाली पालक, फाइबर से भरपूर होती है, जो लंबे समय तक भूख लगने नहीं देती।
- पेट की चर्बी को कम करने के लिए खीरा, टमाटर, आंवला, काफी सहायक होते हैं। खीरे में कैलोरी कम होती है और पानी की मात्रा ज्यादा होती है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स प्रचुर मात्रा में होते हैं, जो शरीर की सूजन को कम करते हैं।
- आयुर्वेद में वजन घटाने के लिए कम कैलोरीयुक्त लौकी का जूस काफी उपयुक्त माना जाता है। लौकी में कम कैलोरी होती है। *

## खबर संक्षेप

### मनवीर-आदित्य ने जीता कांस्य पदक

**रोहतक।** स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ़ इंडिया की ओर से आयोजित 69वीं स्कूल नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो पदक जीते। यह प्रतियोगिता झारखंड रांची स्थित खेल गांव में 5 से 10 जनवरी तक आयोजित की गई। मनवीर राणा ने कंपाउंड टीम इवेंट में और आदित्य ने रिकर्व राउंड टीम इवेंट में कांस्य पदक जीता। मीडिया कोऑर्डिनेटर डॉक्टर जनक राज ने बताया कि प्रतियोगिता से लौटने पर बुधवार को खिलाड़ियों का विद्यालय पहुंचने पर प्रिंसिपल और अभिभावकों ने स्वागत किया गया।

### साहिल ने हरियाणा कुमार का खिताब जीता

**रोहतक।** भारत कुमार टाइटल दंगल में शानदार प्रदर्शन करते हुए साहिल ने हरियाणा कुमार का खिताब अपने नाम किया। यह दंगल जींद में आयोजित किया गया। साहिल ने अश्वनी को हराकर यह खिताब जीता है। साहिल जिले के अखाड़े में कोच रणबीर ढाका के पास अभ्यास करता है, लेकिन मूलरूप से भिवानी का निवासी है। बताया कि साहिल ने इससे पहले भी शानदार प्रदर्शन करके जिले का नाम रोशन किया है।

### योगा-कबड्डी खिलाड़ियों को खेल किट प्रदान की

**रोहतक।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर गांव रिटौली में युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आजाद और ताज की ओर से एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें योगा और कबड्डी खिलाड़ियों को खेल किट प्रदान की।कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद भूप सिंह ने बच्चों को संबोधित किया। स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने का आह्वान करते कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि अनुशासन और नेतृत्व की भावना भी पैदा करते हैं।

### पर्यटन उद्योग तेजी से विकसित हो रहा

**रोहतक।** पीएम श्री गवर्मेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल मॉडल टाउन के 55 विद्यार्थियों के दल ने बुधवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट (आईएचटीएम) का शैक्षणिक भ्रमण किया। आईएचटीएम के निदेशक प्रो. संदीप मलिक ने कहा कि पर्यटन एवं आतिथ्य उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है।

### हरियाणा की लड़कियों ने दूसरा स्थान प्राप्त किया

**रोहतक।** झज्जर जिले के संस्कारम विश्वविद्यालय में आयोजित 38वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा की लड़कियों ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। हरियाणा सॉफ्टबॉल संघ के महासचिव सतबीर सिंह ने बताया कि बालिका वर्ग में छत्तीसगढ़ ने खिताब जीता, जबकि राजस्थान तीसरे स्थान पर रहा। इससे पहले चैंपियनशिप का उद्घाटन पूर्व मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने किया।

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
- Neuro Surgery
- General Medicine
- General Surgery
- Orthopedics
- ब्रेन, रीढ़ की हडिड्यों का ईलाज
- दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
- पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज
फौजी भाईयों का इलाज
ECHS
• हरियाणा सरकार
• आयुष्मान भारत
• ESIC
के पैनल पर
DR. BALKISHAN GOEL
M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

### मदवि के फैकल्टी क्लब में पर्व सांस्कृतिक गरिमा और आपसी सौहार्द के साथ मनाया

# लोहड़ी सामाजिक एकता का प्रतीकः प्रो. राजबीर

### सभी ने अग्नि में रेवड़ी, मूंगफली, तिल और गुड़ अर्पित कर सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की

**लोक पर्व समाज को आपस में जोड़ते हैं: डॉ. शरणजीत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के फैकल्टी क्लब में लोहड़ी पर्व पारंपरिक उल्लास, सांस्कृतिक गरिमा और आपसी सौहार्द के वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि लोहड़ी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत व सामाजिक एकता का प्रतीक है। कहा कि ऐसे आयोजन शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच आपसी समन्वय, सौहार्द और सकारात्मक कार्य संस्कृति को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक लोहड़ी जलाकर की गई, जिसमें सभी उपस्थित जनों ने अग्नि में रेवड़ी, मूंगफली, तिल और गुड़ अर्पित कर सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। एमडीयू की प्रथम महिला डॉ. शरणजीत कौर ने कहा कि लोक पर्व समाज को आपस में जोड़ने का कार्य करते हैं व नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विवि के विभिन्न संकायों के डीन, निदेशक, विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।



**रोहतक।** फैकल्टी क्लब में लोहड़ी पर्व मनाते कुलपति प्रो. राजबीर सिंह, एमडीयू की प्रथम महिला डॉ. शरणजीत कौर व रजिस्ट्रार डॉ. कृष्णकांत ।



**रोहतक।** मकर संक्रांति पर्व पर नृत्य करते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### वैश्य महाविद्यालय में मनाया मकर संक्रांति का पर्व

रोहतक। वैश्य महाविद्यालयमें मकर संक्रांति का पावन पर्व अत्यंत उत्साह, उल्लास एवं पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया गया। प्राचार्य डॉ. फूल सिंह ने मकर संक्रांति पर्व को सामाजिक समरसता, सकारात्मक ऊर्जा एवं नई शुरुआत का प्रतीक बताया। विद्यार्थियों ने पारंपरिक एवं आधुनिक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया और कार्यक्रम में जीवंतता भर दी। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने समारोह को और भी यादगार बना दिया। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ, जिसमें सभी ने मिलकर मकर संक्रांति के उल्लास को साझा किया।



### गोयनका टॉडलर हाउस में मनाया लोहड़ी पर्व

**रोहतक।** जीडी गोयनका टॉडलर हाउस सनसिटी स्कूल में अध्यापिकाओं द्वारा लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के निर्देशक बलराज सिंह एवं प्रधानाचार्या अनामिका बल्हारा ने सभी को लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर्व की बधाई दी। अनामिका बलहारा ने बताया कि इस दिन सूर्य भगवान और गो माता की विशेष तौर पर पूजा की जाती है।आज के दिन रेवड़ी, मूंगफली, गुड़, शक्कर, तेल, तिल आदि का दान करने का बहुत ही महत्व बताया गया है।यह उत्सव छात्रों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और कृषि परंपराओं से जोड़ने का एक प्रयास है, क्योंकि ये त्योहार नई फसल और सूर्य देव को समर्पित हैं, जो हमारे जीवन में नई ऊर्जा और खुशियां लाते हैं।

### मकर संक्रांति पर लाहली में कंबल वितरित किए



**रोहतक।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर गांव लाहली में केन्द्रीय सहकारी बैंक रोहतक के चेयरमैन हरीश कौशिक द्वारा अपने निवास स्थान पर भंडारे एवं कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने शिरकत की। मुख्य अतिथि ग्रोवर ने जनसाधारण को कंबल वितरित किए और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। प्रदेश सचिव रेनु डावला, जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका, महम से पूर्व भाजपा प्रत्याशी दीपक हुड्डा, कलानौर नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि राजू फौजी, ब्लॉक समिति चेयरमैन प्रतिनिधि नीरज यादव, जिला पार्षद धीरज मलिक खरावड़, चेयरमैन खुशीराम, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा रमेश भाटिया, राजबीर आर्य, जिलाध्यक्ष उषा शर्मा, डॉ. अशोक रंगा, अशोक पसरिजा, समाजसेवी नरेश गौड़ सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



### विकल्प पब्लिक स्कूल हर्षोल्लास के साथ मनाया पर्व

**रोहतक।** विकल्प पब्लिक स्कूल को लोहड़ी पर्व के उपलक्ष्य में भव्य लोहड़ी सेलीब्रेशन का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर उल्लास, उत्साह और पंजाबी संस्कृति की रंगीन छटा से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल प्रबंधन कमेटी के निदेशक सुखबीर सिंह ने पारंपरिक विधि से लोहड़ी जलाकर की। समारोह में सभी अध्यापिकाएं सुंदर पंजाबी वेश-भूषा में सजी-धजी नजर आईं, जिससे कार्यक्रम की रौनक और भी बढ़ गई। कार्यक्रम के दौरान अध्यापिकाओं द्वारा पंजाबी गिद्धा और लोकगीतों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन पर उपस्थित सभी लोग झूम उठे और तालियों से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। इसके साथ ही मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिनमें शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और खूब आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पारंपरिक रूप से मूंगफली, रेवड़ी, गज्जक का स्वाद लिया। विद्यालय के प्रबंधक सुखबीर सिंह, प्राचार्या किरन खुराना, को-ऑर्डिनेटर मंजू सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। लोहड़ी समारोह ने न केवल पंजाबी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत किया, बल्कि विद्यालय परिवार के बीच आपसी प्रेम, सहयोग और एकता की भावना को भी मजबूत किया।

### जसिया में मनाया मकर संक्रांति का त्योहार

**रोहतक।** राजकीय महाविद्यालय जसिया में महिला प्रकोष्ठ एवं सांस्कृतिक समिति के संयुक्त तत्वावधान में लोहड़ी एवं मकर संक्रांति का पर्व मनाया गया। प्राचार्य डॉ. सुदेश ने कहा कि सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों को अपनी परंपराओं से जोड़ते हैं व आपसी सौहार्द एवं सकारात्मक मूल्यों को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम का आयोजन महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. मीनाक्षी दहिया एवं सांस्कृतिक समिति प्रभारी प्रीति के नेतृत्व में किया। महाविद्यालय प्रशासन ने महिला प्रकोष्ठ एवं सांस्कृतिक समिति के प्रयासों की सराहना करते भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण एवं उल्लासमय वातावरण में हुआ।

### मकर संक्रांति पर वितरित किए ट्रैकसूट

**रोहतक।** मकर संक्रांति के पावन पर्व के उपलक्ष्य में जनता कॉलोनी स्थित वैश्य व्यायामशाला एवं गौशाला के पदाधिकारियों ने जरूरतमंदों के लिए गर्म ट्रैकसूट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के प्रधान सुभाष तायल के नेतृत्व में लगभग 150 जरूरतमंदों और कर्मियों को गर्म ट्रैकसूट प्रदान किए गए, ताकि कड़ाके की ठंड में उन्हें राहत मिल सके। इसके अलावा इस दौरान भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान सुभाष तायल के साथ मुख्य रूप से जय भगवान एरण, सुशील मंगला, रमेश रोहिल्ला एवं राजेंद्र एरण सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।



**रोहतक।** जरूरतमंदों को ट्रैकसूट वितरण करते संस्था के प्रधान सुभाष तायल व अन्य सदस्य। फोटो :हरिभूमि



### त्योहार भाईचारा व सेवा भावना का प्रतीकः एसडीओ

**रोहतक।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कलानौर सबडिवीजन में 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व पर पहला विशाल भंडारा एवं रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीओ शमशेर सिंह ने की। आयोजन में कलानौर सबडिवीजन के सभी कर्मचारी साथियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सामाजिक सेवा का संदेश दिया। एक्शन सीमा नारा, एसडीओ संजीत मुद्गिल (महम), एसडीओ राम प्रसाद (सब-अर्बन रोहतक) सहित विभिन्न सबडिवीजनों से पहुंचे कर्मचारियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया, वहीं रक्तदान शिविर में कर्मचारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। एसडीओ शमशेर सिंह ने कहा कि यह पर्व आपसी भाईचारे और सेवा भावना का प्रतीक है। उन्होंने कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी के प्रति ईमानदारी बरतने और सेफ्टी नियमों का पूरी तरह पालन करने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों में उत्साह और एकजुटता देखने को मिली। आयोजन को सफल बनाने में सभी साथियों का सराहनीय योगदान रहा।

### मकर संक्रांति पर्व पर किया हवन

**रोहतक।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आर्य समाज बोहर में हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पाकस्मा मंडल के बड़ी संख्या में सामाजिक एवं प्रबुद्ध व्यक्तियों ने भाग लिया और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डालकर पर्व श्रद्धा के साथ मनाया। हवन के उपरांत एक सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता आर्य समाज बोहर के प्रधान धनीराम आर्य ने की। अपने संबोधन में उन्होंने सभा में उपस्थित सभी लोगों से संकल्प करवाया कि कानूनी तौर पर अपराधी रामपाल दास का किसी भी प्रकार का सम्मान समारोह पाकस्मा मंडल क्षेत्र में नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आचार्य उदयवीर, जो पाकस्मा मंडल के गांव बलियाना के निवासी थे, वर्ष 2012 में रामपाल दास के इशारे पर चलवाई गई गोलियों में शहीद हुए थे। उस घटना में केवल उदयवीर ही नहीं, बल्कि चार अन्य लोगों की भी गोली मारकर हत्या की गई थी और सैकड़ों लोग घायल हुए थे। सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गांव लाढोत में 18 जनवरी को प्रस्तावित रामपाल सम्मान समारोह की कड़ी निंदा की जाती है।





लोहड़ी मिलन एवं मकर संक्रांति समारोह का दीप जलाकर शुभारंभ करते मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी, राजेश जैन,रवि गगुनानी,रजिंद्र बंसल व क्लब के प्रधान रोटेरियन विजय तायल।

### लोहड़ी मिलन व मकर संक्रांति समारोह

**रोहतक।** रोटरी क्लब ऑफ रोहतक सफायर द्वारा दिल्ली रोड स्थित एक गार्डन में लोहड़ी मिलन एवं मकर संक्रांति समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों सहित क्लब के सभी सदस्य परिवार सहित उपस्थित रहे। समारोह में आए सभी अतिथियों का गुलाब की कली भेंट कर स्वागत किया गया तथा लोहड़ी की शुभकामनाएं दी गई। मंच संचालन राजीव जैन एवं विनय गोयल ने किया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी, समाजसेवी उद्योगपति रोटेरियन राजेश जैन रहे। प्रिजाइडिंग गेस्ट के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन रवि गगुनानी तथा गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में पीडीजी, डिस्ट्रिक्ट लायंस क्लब रजिंद्र बंसल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के प्रधान रोटेरियन विजय तायल, सचिव रोटेरियन नितिन तायल, असिस्टेंट गवर्नर विनोद जैन, नरेश जैन, रोटेरियन सी.ए. सुशील जैन, कैशियर विकास कंसल, प्रोजेक्ट चेयरमैन संजय गोयल, सतीश गोयल सहित सभी सदस्य मौजूद रहे।

### सुशीला इनेलो प्रदेश महासचिव नियुक्त

**रोहतक।** इनेलो पार्टी ने महिला प्रकोष्ठ संगठन में विस्तार करते रोहतक से सुशीला देशवाल एडवोकेट को अहम जिम्मेदारी देते राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश महासचिव के पद पर नियुक्ति किया है। यह जानकारी पार्टी प्रवक्ता कृष्ण कौशिक एडवोकेट ने दी। बताया कि सुशीला की अहम पद पर नियुक्ति से पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। सुशीला देशवाल ने अपनी नियुक्ति पर इनेलो सुप्रीमों चौधरी अभय सिंह चौटाला, महिला प्रदेश प्रभारी सुनेना चौटाला, महिला प्रकोष्ठ की राज्य संयोजक तनुजा कश्यप, प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा का आभार व्यक्त किया।



### आईएमटी चौक जमीन घोटाले को लेकर कांग्रेस का भाजपा पर हमला, सीबीआई जांच की मांग

**रोहतक।** कांग्रेस के पूर्व गृहमंत्री सुभाष बतरा ने भाजपा नेताओं पर गंभीर आरोप लगाते कहा कि आईएमटी चौक स्थित करीब 300 करोड़ की जमीन को मात्र 21–25 करोड़ में गलत तरीके से खरीद लिया गया। उन्होंने दावा किया कि इस पूरे मामले में सरकार को लगभग 80 करोड़ की स्टांप ड्यूटी का नुकसान हुआ है। बुधवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए सुभाष बतरा ने बताया कि वर्ष 2020 में आईएमटी चौक पर देवेंद्र की केबल फैक्ट्री स्थित थी, जो लगभग 18.5 एकड़ क्षेत्र में फैली हुई थी। बैंक का कर्ज न चुकाने के कारण इस जमीन को ऑक्शन में डाला गया। गुरुग्राम निवासी अभिमन्यु महलावत ने इसे 25 करोड़ में खरीदा और 4 करोड़ का ड्राफ्ट जमा कराया, लेकिन शेष राशि जमा न करने के कारण उसकी राशि लैप्स हो गई। बतरा ने आरोप लगाया कि इसके बाद नियमों के अनुसार दोबारा ऑक्शन कराने के बजाय, अभिमन्यु महलावत के साथ मिलकर भाजपा नेताओं ने एक फर्जी कंपनी बनाकर यह जमीन 21 करोड़ में खरीद ली। उनके साथ कांग्रेस नेता चक्रवती शर्मा, कदम सिंह अहलावत, गुलशन आदि मौजूद रहे।

### पूर्व सैनिकों को वीरता पुरस्कार से नवाजा

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि एक सैनिक जीवन में कभी भी सेवानिवृत नहीं होता, बल्कि वह जीवन पर्यंत देश की सुरक्षा एवं विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने 10वें सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर मदवि स्थित राज्य स्तरीय युद्ध स्मारक के हॉल ऑफ फेम में पूर्व सैनिकों को वीरता पुरस्कार देकर सम्मानित किया। गुप्ता ने बुधवार को राज्य स्तरीय युद्ध स्मारक पर भूतपूर्व सैनिकों के साथ शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने सभी भूतपूर्व सैनिकों से परिचय प्राप्त किया तथा कहा कि जिला प्रशासन हमेशा उनके साथ खड़ा है तथा सैनिकों व पूर्व सैनिकों, शहीदों के परिजनों की हर संभव मदद की जाएगी।



### महाराष्ट्र में यंग हिंदुस्तान अवार्ड से नवाजे गए आशीष

**रोहतक।** समाज सेवा मे निस्वार्थ सेवा को देखते हुए सुनारियां चौक निवासी एवं सुनो नहरों की पुकार मिशन के सक्रिय सदस्य आशीष मलिक को यंगिस्तान फाउंडेशन द्वारा प्राइड ऑफ़ यंग हिंदुस्तान से सम्मानित किया गया। सुनो नहरों की पुकार मिशन द्वारा रोहतक पहुंचने पर नहरों पर आयोजित कार्यक्रम मे फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।मिशन के वरिष्ठ सदस्य ईश्वर दलाल और रणबीर मलिक ने बताया कि यंगिस्तान फाउंडेशन द्वारा उल्हासनगर (महाराष्ट्र) में आयोजित यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम (9 से 11 जनवरी) के दौरान प्राइड ऑफ़ यंग हिंदुस्तान से सम्मानित किया गया।उल्लेखनीय है कि इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए देशभर से 500 से अधिक युवाओं ने आवेदन किया था, जिनमें से केवल 15 अति-उत्कृष्ट युवाओं का चयन किया गया। कार्यक्रम के दौरान आशीष मलिक ने देश के विभिन्न राज्यों से आए युवाओं को जल स्वछता के कार्यक्रम "सुनो नहरों की पुकार मिशन" के उद्देश्य, कार्यप्रणाली एवं विजन से अवगत कराया।

### छात्र संघ चुनाव करवाएंगे बहालः दिग्विजय चौटाला

**रोहतक।** जजपा युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने बुधवार को भाजपा को निशाने पर लेते कहा कि आज प्रदेश में सरकारी तंत्रों की दुर्दशा चल रही है। वे बुधवार को जजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। दिग्विजय ने कहा कि हरियाणा में विपक्ष के अंदर 37 विधायक है, लेकिन नेता प्रतिपक्ष एचपीएससी की भर्तियों को लेकर चुप है, क्योंकि ईडी, सीबीआई, पीएम व गृहमंत्री के दबाव में कांग्रेस पहले ही सरेंडर कर चुकी है। दिग्विजय ने कहा कि अभय चौटाला एक नॉन सीरियस पॉलीटिशियन हैं। वह कुछ भी बोलते रहते हैं। कहा कि छात्र संघ चुनाव करवाने के लिए फरवरी से ही कार्य योजना शुरू कर देंगे। इस साल प्रत्यक्ष चुनाव नहीं करवाए तो आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी।

# भागवत कथा श्रवण से भाग्य उज्ज्वल होगा : पंडित सुनील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जनता कॉलोनी स्थित तेजराम आश्रम मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान बुधवार को मकर संक्रांति पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। कथा में समाजसेवी अजय बंसल, डॉ. अशोक दीक्षित, जितेंद्र अत्री और जयपाल शर्मा विशेष रूप से पहुंचे और विधिवत व्यास पीठ की पूजा-अर्चना की। कथा वाचक पं सुनील वशिष्ठ ने भागवत कथा का रसपान कराते भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव, शबरी की निष्काम भक्ति तथा वृंदावन की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। कहा कि जिस प्रकार सुखदेव मुनि ने शुक्रताल में राजा परीक्षित को कथा सुनाकर समस्त जीवों का कल्याण किया, उसी प्रकार भागवत कथा श्रवण से मनुष्य का विवेक जागृत होता है और भक्ति, ज्ञान व वैराग्य की प्राप्ति होती है।



### आकर्षक झांकी निकाली

पंडित वशिष्ठ ने कहा कि भगवत भक्ति से ही मानव जीवन सफल माना जाता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में भागवत कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकी निकाली गई, जिस पर "जय कन्हैया लाल की" जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। यह कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5:30 बजे तक चल रही है। आयोजन में बांके बिहारी सत्संग मंडली, हरगुलाल शर्मा, अशोक कुमार, राधाकृष्ण और मंदिर कमेटी का सहयोग रहा। आरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।

## श्रीमद् भागवत कथा के सप्तम दिवस पर भक्ति और करुणा की अमृतवर्षा



**रोहतक।** श्रीनगर कॉलोनी स्थित रामा आश्रम में महंत अशोक दास महाराज के सानिध्य में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का सप्तम एवं अंतिम दिवस भक्ति, वैराग्य और भावविभोर वातावरण में संपन्न हुआ। कथा व्यास स्वामी रामानुज दास जी महाराज ने अंतिम दिन श्रीकृष्ण–सुदामा की अमर मित्रता, भागवत महात्म्य और भागवत विश्राम का मार्मिक वर्णन किया। सप्तम दिवस की कथा का मुख्य प्रसंग सुदामा चरित्र रहा। कथा व्यास ने बताया कि सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता निष्काम और प्रेम से परिपूर्ण थी। भगवान अपने भक्त की हृदय की पवित्र भावना देखते हैं, न कि संपत्ति। प्रभु ने सुदामा के चरण धोकर यह संदेश दिया कि सच्चा भक्त ही सबसे बड़ा धन है। इस प्रसंग को सुन श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं और जय श्रीकृष्ण के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। भागवत महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कथा व्यास ने कहा कि भागवत केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को भवसागर से पार लगाने वाली दिव्य नौका है। कथा विश्राम के समय भक्तों ने भजन-कीर्तन, नृत्य और पुष्प वर्षा के साथ भगवान के प्रति भक्ति व्यक्त की। महंत अशोक दास महाराज ने कहा कि भागवत कथा मानव को संयम, सेवा और सदाचार का संदेश देती है। सातों दिन कथा श्रवण करने वाले श्रद्धालुओं, सेवाभावियों और समिति का आभार व्यक्त किया गया। आयोजन से क्षेत्र का वातावरण भक्तिरस में डूबा रहा और श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ अर्जित किया।

मार्केट न्यूज

### लोहचब मोटर पर महिंद्रा के दो फ्लैगशिप मॉडल एक्सयूवी 7एक्सओ और एक्सईवी 9एस का भव्य लॉन्च



**रोहतक।** लोहचब मोटर कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, रोहतक, महिंद्रा एंड महिंद्रा ऑटोमोबाइल डिवीजन की अधिकृत डीलरशिप ने द पार्क क्वीन होटल, रोहतक में अपने दो फ्लैगशिप मॉडल एक्सयूवी 7एक्सओ और एक्सईवी 9 एस का अनावरण किया। इस अवसर पर इंडियन प्रीमियर लीग टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु के खिलाड़ी एवं ऑलराउंडर मोहित राठी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने दोनों नए मॉडलों का विधिवत अनावरण किया। लोहचब मोटर के प्रवक्ता विशेष मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि नई महिंद्रा एक्सयूवी 7एक्सओ की शुरुआती कीमत 13.66 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) रखी गई है। यह स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल अत्याधुनिक तकनीक और प्रीमियम सुविधाओं के साथ हाई-एंड सेगमेंट में नए मानक स्थापित करती है। इसमें दुनिया का पहला डा विंची सस्पेंशन, भारत की पहली आईसीई सॉफ्टवेयर डिफाइंड व्हीकल, कोस्ट-टू-कोस्ट ट्रिपल एचडी स्क्रीन, एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम लेवल-2, डॉल्बी एटमॉस और डॉल्बी विजन जैसी उन्नत सुविधाएं शामिल हैं। इसके साथ ही महिंद्रा ने अपनी नई इलेक्ट्रिक सात-सीटर स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल एक्सईवी 9एस भी पेश की। इसकी शुरुआती कीमत 19.95 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) है, जबकि इसके टॉप वेरिएंट की कीमत 29.45 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) रखी गई है। इसमें 70 किलोवॉट-आवर बैटरी, 180 किलोवॉट पावर तथा 380 न्यूटन मीटर टॉर्क मिलता है। कंपनी के अनुसार, एक्सईवी 9एस की बुकिंग 14 जनवरी 2026 से शुरू हो गई है और इसकी डिलीवरी 23 जनवरी 2026 से प्रारंभ होगी। इस कार्यक्रम में लोहचब मोटर कम्पनी एमडी जितेश लोहचब डायरेक्टर साहिल लोहचब व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### रोहतक के छोरे आदर्श ने झटके पांच विकेट



**रोहतक।** गुजरात के रिलायंस क्रिकेट स्टेडियम वडोदरा में खेले गए विजय मर्चेंट ट्रॉफी एलीट में हरियाणा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। हरियाणा ने विदर्भ को पारी व 35 से हराया। इसमें रोहतक के आदर्श मलिक ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए पहली पारी में तीन व दूसरी पारी में दो और पूरे मैच में पांच विकेट लिए व टीम की जीत दिलाई। इसके अलावा 11 रन का योगदान भी दिया।

### महम के तीन गांवों में फिर चलेंगी निःशुल्क बसें

**महम।** महम से वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में निर्दलीय विधायक चुने गए बलराज कुंडू ने साल 2024 के विधानसभा चुनाव में हार के बाद बेटियों को कॉलेज और विश्वविद्यालय पहुंचाने के लिए शुरू की गई निःशुल्क बसें बंद कर दी थी। एक साल बाद तीन गांवों में फिर से बसें चलाने की घोषणा की है। बलराज कुंडू ने बुधवार को जनसेवक कार्यालय में एक वर्कर मीटिंग को संबोधित किया। सीसर खास, अजायब और सैमाण ग्राम पंचायत की ओर से इस बारे में मांग पत्र मिला है।

### दिल्ली और पंजाब विवि चंडीगढ़ पहुंचे फाइनल में

**रोहतक।** एमडीयू के खेल परिसर में उत्तर क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय महिला टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम चरण के मुकाबले बुधवार को खेले गए, जिनमें दिल्ली विवि ने सीसीएसयू मेरठ को 2-0 से और पंजाब विवि चंडीगढ़ ने एमडीयू यूनिवर्सिटी को 2-0 से हराते हुए फाइनल में जगह बनाई।
फाइनल मुकाबला 15 जनवरी को पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ और दिल्ली विश्वविद्यालय के बीच खेला जाएगा।

# पुलिस व कबूलपुर पंचायत की पहल, खेलों में ध्यान लगाएं युवा, नशे और अपराध से रहें दूर

**दादा छत्रपाल मंदिर परिसर में शुरू हुई खेल प्रतियोगिता, युवाओं को किया जा रहा जागरूक**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पुलिस ने युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने और खेलों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गांव कबूलपुर में भव्य खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। पुलिस और ग्राम पंचायत के सहयोग से दादा छत्रपाल मंदिर परिसर में यह आयोजन हुआ, जिसमें स्थानीय युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रभारी थाना शिवाजी कॉलोनी निरीक्षक राकेश सैनी, ग्राम पंचायत के सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।



रोहतक। खिलाड़ियों से परिचय करते पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया। फोटो: हरिभूमि

*खेल प्रतियोगिता व पुरस्कार वितरण:* गांव कबूलपुर के युवाओं को अलग-अलग टीमों में विभाजित कर कुश्ती और कबड्डी के मुकाबले कराए गए। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार और प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। युवा खिलाड़ियों ने खेल का भरपूर आनंद लिया और उत्साह के साथ भाग लिया।

*पुलिस की अपील:* पुलिस ने आमजन से कहा कि नशे से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना तुरंत निःशुल्क टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर डायल 112 पर दें। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। यह सेवा 24 घंटे उपलब्ध है।

### कुश्ती और कबड्डी प्रतियोगिता हुई

एसपी भौरिया ने बताया कि आज कुश्ती और कबड्डी के खेल का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और संघर्ष करने की क्षमता बढ़ती है। खेल शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक विकास और सामाजिक योग्यता को भी सुधारते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि नशा गांवों में फैलने पर धीरे-धीरे हर घर में पहुंच जाता है, जिससे युवा अपराध की ओर बढ़ते हैं। ऐसे में खेल और सकारात्मक गतिविधियां युवाओं को सही मार्ग दिखाती हैं।

**हजारों कर्मचारी करते हैं काम, मिली राहत**

# आखिरकार एमडीयू एचकेआरएन कर्मियों को कई दिन से मिला वेतन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय और पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय और दूसरे सरकारी विभागों में हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के तहत हजारों कर्मचारी काम करते हैं। इनमें से महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को आज बुधवार 14 जनवरी को दिसंबर का वेतन मिल गया है। आमतौर पर एचकेआरएन कर्मियों को हर महीने के पहले सप्ताह में सेलरी उनके खातों में जमा करा दी जाती है, लेकिन इस बार कुछ देरी हुई। कई विभाग के कर्मचारियों को बुधवार तक भी वेतन नहीं मिला था। जिससे कर्मचारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसी ने दूध वाले के पैसे चुकता करने हैं तो किसी को अपने बच्चों की फीस भरनी पड़ती है।

*कर्मियों ने किया लंबा संघर्ष:* पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के आउटसोर्स कर्मचारियों ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम में अपनी नौकरी पोर्ट करवाने के लिए करीब अढ़ाई साल तक संघर्ष किया। सरकार के सभी विभागों में कार्यरत कर्मचारी सरकार ने निगम में पोर्ट कर दिए हैं। लेकिन स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कर्मचारी नहीं किए।

## मॉडल टाउन की जर्जर सड़कें बनी आफत, लोग परेशान

# सड़क साथी एप पर मिल रही रोज 15 शिकायतें, फिर भी प्रशासन मौन

**फरवरी के बाद हो सकता है टेंडर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

मॉडल टाउन की सड़कें पूरी तरह से टूट चुकी हैं। कई साल से सड़कों का निर्माण न होने की वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों द्वारा कई बार सड़क निर्माण की मांग उठाई जा चुकी है। यह शहर का पॉश एरिया होने के बावजूद समाधान नहीं हो पा रहा है। मॉडल टाउन में अलग-अलग हिस्सों में करीब डेढ किलोमीटर का टुकड़ा टूटा हुआ है। इन गड्ढों में गिरकर लोग घायल हो रहे हैं।

हरियाणा राज्य सरकार द्वारा लॉन्च किए गए म्हारी सड़क ऐप पर रोजाना 10 से 15 शिकायतें दर्ज की जा रही हैं। यह ऐप हरियाणा के नागरिकों को सड़क की समस्याओं, जैसे गड्ढे या टूटी सड़कें, की शिकायत फोटो और जीपीएस लोकेशन के साथ दर्ज करने की सुविधा देता है। सोनीपत रोड और नया बस अड्डा की तरफ से आने वाले विद्यार्थियों को मॉडल टाउन से गुजर कर पं. नेकीराम कॉलेज, एमडीयू और जाट शिक्षण संस्थाओं में आना पड़ता है। इसके अलावा यहां दो दर्जन से अधिक कोचिंग सेंटर संचालिक हैं। जिनमें आने जाने के लिए विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।




**इस वजह से हो रही देरी**

इस सड़क पर कई जगह पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट का कार्य चल रहा था। इसकी वजह से सड़क का टेंडर जारी नहीं किया गया। पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों से जानकारी लेने के बाद प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### सड़कों के टूटे होने की जानकारी

*इन सड़कों के टूटे होने की जानकारी है। इसके लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। फरवरी के बाद इनका निर्माण कार्य हो सकता है। तब तक लोगों को संयम से काम लेना होगा।*
*-डॉ. आनंद कुमार शर्मा, आयुक्त नगर निगम*

### जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य

*मॉडल टाउन की सड़क जर्जर हो चुकी है। वार्ड में कई सड़कों का निर्माण कार्य करवाया गया है। इस सड़क का निर्माण करवाने के लिए प्रक्रिया शुरू की गई है। जल्द ही इसका निर्माण कार्य किया जाएगा।*
*-कंचन खुराना, पार्षद वार्ड 14*

**लोगों ने जन स्वास्थ्य विभाग को ठहराया जिम्मेदार**

# सलारा मोहल्ला में दूषित पेयजल की सप्लाई, कई वर्षों से परेशान हैं लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर के सलारा मोहल्ला में पिछले कई वर्षों से दूषित पेयजल की आपूर्ति लोगों के लिए गंभीर समस्या बनी हुई है। गंदा और बदबूदार पानी आने के कारण मोहल्ला निवासियों का जीना मुश्किल हो गया है। हालात ऐसे हैं कि लोग मजबूरी में वही पानी पीने और दैनिक उपयोग में लाने को विवश हैं, जिससे बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर असर पड़ रहा है।

मोहल्ला वासियों का आरोप है कि पुरानी और क्षतिग्रस्त पाइपलाइन के कारण सीवर का गंदा पानी पेयजल में मिल रहा है। इसके बावजूद जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा न तो पाइपलाइन बदली जा रही है और न ही नियमित रूप से पानी की जांच की जा रही है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नई पाइपलाइन डाली जाए और स्वच्छ पेयजल की नियमित सप्लाई सुनिश्चित की जाए, ताकि मोहल्ला निवासी बीमारियों से बच सकें और राहत की सांस ले सकें।

### समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहा विभाग



इंद्रपाल ने बताया कि मोहल्ले के लोग कई बार जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इस बारे में अवगत करा चुके हैं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिलता है। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों के लिए पानी की सप्लाई ठीक हो जाती है, लेकिन फिर वही स्थिति बन जाती है। इससे साफ है कि विभाग इस समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहा।

### पानी में आती है बदबू



गौतम ढल ने बताया कि मोहल्ले में लंबे समय से सीवर मिला पानी सप्लाई किया जा रहा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि पानी में बदबू आती है और कई बार उसका रंग भी पीला व मटमैला होता है।

### कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई



हिमांशु ने बताया कि परेशान होकर मोहल्ला निवासी मुख्यमंत्री विंडो सहित कई सरकारी प्लेटफॉर्म पर शिकायत दर्ज करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। बीच में कुछ दिन पानी ठीक आने लगता है। फिर कुछ दिन बाद दिक्कत हो जाती है।

### राजेंद्र कॉलोनी निवासी स्वर्गीय भरपाई देवी की देहदान की

**रोहतक।** सोनीपत की आहुति एनजीओ ने बुधवार को पीजीआइएमएस में शरीर दान करवा कर एक नेक कार्य किया है। यें शब्द राजेंद्र कॉलोनी निवासी स्वर्गीय भरपाई देवी के देहदान कार्यक्रम पर उनके परिजनों को धन्यवाद देते हुए पीजीआई के एनाटॉमी विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ गोपाल ने सांझा किये। डॉ. गोपाल और डॉ कमल द्वारा परिवार और एनजीओ को स्मृति चिन्ह के तौर पर एक पौधा भेंट किया व शरीर को दान करने के लिए आभार जताया। डॉ. कमल ने कहा कि स्व. भरपाई देवी के पति रघबीर सिंह ने और आहुति एनजीओ ने विद्यार्थियों की रिसर्च के लिए शरीर दान करवाकर बहुत ही सराहनीय कार्य किया है और यह अन्य लोगों के लिए भी एक प्रेरणास्त्रोत है। स्व. भरपाई देवी के पति रघबीर सिंह और आहुति एनजीओ से सुरेंद्र कुमार और गुलशन बजाज ने बताया कि भरपाई देवी चाहती थी कि विद्यार्थियों की रिसर्च के लिए मरणोपरांत उनका शरीर दान किया जाए, जिसके चलते आज का परिवार पीजीआईएमएस में उनका शरीर दान करने पहुंचे हैं।






रोहतक। कार्यक्रम को सम्बोधित करते डॉ. ईशा नरूला व डॉ. अपूर्व नरूला।

# रोहतक में नरूला डायग्नोस्टिक सेंटर और जिला प्रशासन ने चलाया मातृ स्वास्थ्य प्रशिक्षण अभियान

**रोहतक।** नरूला डायग्नोस्टिक सेंटर द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से समरक्षण पहल के अंतर्गत प्री-एक्लेम्पसिया (गर्भावस्था में उच्च रक्तचाप से जुड़ी जटिलता) की समय पर पहचान एवं रोकथाम के लिए जिला परिषद कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता एवं अतिरिक्त जिला उपायुक्त नरेंद्र के मार्गदर्शन में किया गया। इस पहल को सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र आर्य तथा सिविल सर्जन कार्यालय से डॉ. रुचि एवं डॉ. डांगी का भी सहयोग प्राप्त हुआ। प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व डॉ. ईशा नरूला, सीनियर कंसल्टेंट एवं फेटल मेडिसिन विशेषज्ञ तथा डॉ. अपूर्व नरूला, सीनियर कंसल्टेंट एवं फेटल मेडिसिन विशेषज्ञ, नरूला डायग्नोस्टिक सेंटर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लगभग 200 सहायक नर्स मिडवाइफ (एएनएम) ने भाग लिया। सत्र में प्री-एक्लेम्पसिया के जोखिम कारकों की पहचान, गर्भावस्था के दौरान नियमित रक्तचाप जांच, चेतावनी संकेतों की पहचान तथा चल रही गर्भावस्था में प्री-एक्लेम्पसिया के जोखिम की भविष्यवाणी में डॉप्लर अल्ट्रासाउंड की भूमिका पर विशेष जानकारी दी गई। साथ ही, लेवल-1 अल्ट्रासाउंड में उच्च जोखिम पाई गई गर्भवती महिलाओं में प्री-एक्लेम्पसिया की रोकथाम के लिए एस्पिरिन की भूमिका पर भी जागरूकता बढ़ाई गई। इस पहल का उद्देश्य मातृ एवं नवजात मृत्यु दर को कम करने के लिए प्राथमिक स्तर पर समय पर पहचान और हस्तक्षेप को सुदृढ़ बनाना है।



रोहतक। अवैध निर्माण को ध्वस्त करते जेसीबी। फोटो: हरिभूमि

### बोहर की अवैध कॉलोनी से तोड़े निर्माण

**रोहतक।** गांव बोहर में बुधवार को लगभग 2.25 एकड़ भूमि में विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी में तोड़-फोड़ चलाया गया, जिसमें एक अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। इस अभियान में जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने व किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तोड़ फोड़ अमले के साथ मौजूद रहा। जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों या डीलर/भू-मालिकों द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें क्योकि इस तरह की विभागीय कार्यवाही समय-समय पर प्रशासन द्वारा अमल में लाई जायेगी। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे अपनी पूंजी को निवेश करने से पहले स्थानीय सैक्टर-1 स्थित उनके कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर पूछताछ कर सकते है।

### नेशनल मर्दानी स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में मोखरा कॉलेज की शिक्षा ने जीते मेडल

**महम।** साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय मोखरा में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा शिक्षा पुत्री जय कुमार ने नेशनल मर्दानी स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में पदक जीते हैं। पदक जीतकर लौटी छात्रा का महाविद्यालय में पहुंचने पर सम्मानित किया गया। छात्रा शिक्षा ने लखनऊ में 9 से 11 जनवरी तक चली नेशनल मर्दानी स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के फाइट इवेंट में गोल्ड मेडल जीता है। जबकि उसने सिंगल लाठी इवेंट में ब्रोंज मैडल हासिल किया है। महाविद्यालय की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा रिया पुत्री नरेंद्र ने कोच की भूमिका निभाई। महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्या डॉ मीनू नैन ने पुष्पमालाओं से विजेता छात्रा का सम्मान किया। महाविद्यालय में पढने वाले विद्यार्थियों को उससे प्रेरणा लेने के लिए कहा। प्राचार्या डॉ मीनू नैन ने विजेता छात्रा को 1100 रुपये का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने विजेता छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर सुनीता धनखड़, ईश्वर सिंह, सोनिया, डॉ विनोद कुमार, रचना देवी, संदीप कुमार, कुमारी कविता आनंद, डॉ महक, संदीप सहायक, आशीष, रविन्द्र, अमित तथा सुरेश आदि मौजूद थे।



महम। पदक जीतकर कॉलेज पहुंची खिलाड़ी शिक्षा को सम्मानित करते प्रिंसिपल डॉ. मीनू नैन व अन्य प्राध्यापक।

### 100 मीटर दौड़ में प्रमिला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया




**रोहतक।** लाखनमाजरा खंड के चिड़ी में ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 100 मीटर दौड़ में चिड़ी की प्रमिला प्रथम, टिटोली की मीनू द्वितीय व लाखनमाजरा की रेखा तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी राजकला ने की और जिला कार्यक्रम अधिकारी रोहतक कुमारी दीपिका सैनी मुख्य अतिथि ने हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।
*परिणाम:*400 मीटर दौड़ में सुंदरपुर की रश्मी प्रथम, लाखनमाजरा की अंजलि द्वितीय, लाखनमाजरा की जयंती तृतीय, 300 मीटर दौड़ में लाखनमाजरा की नितिका प्रथम, लाखनमाजरा सुमित द्वितीय व इंद्रगढ़ की हन्नी ने तृतीय स्थान हासिल किया। डिस्कस थ्रो में चांदी की प्रमिला प्रथम, लाखनमाजरा की बबली द्वितीय और चिड़ी मंजू ने तृतीय स्थान हासिल किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# गांवों के आवारा गोवंश को बैंसी, ब्राह्मणवास, महम खरावड़ और कलानौर गोशाला में मिलेगा आसरा

**ब्लॉक लेवल पर खंड विकास एवं पंचायत विकास अधिकारी बतौर नोडल अफसर नियुक्त**
**जल्द शुरू होगा अभियान**

अमरजीत एस गिल ⏭ रोहतक

शहर की तरह ही जिले के गांवों में भी आवारा गोवंश हैं। अब सरकार इन्हें पकड़कर 5 गोशालाओं में भेजेगी। यह कदम लावारिस पशुओं की समस्या को नियंत्रित करने और उन्हें संरक्षण प्रदान करने, खेती को पशुओं से बचाने और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उठाया जा रहा है। पशुओं को गोशालाओं में रखकर उनका भरण-पोषण किया जाएगा। सरकार गोशाला संचालकों को अनुदान भी देती है। ध्यान रहे कि प्रदेश में हर रोज लावारिस पशुओं की वजह से लगातार हादसे बढ़ते जा रहे हैं। इन हादसों में अनेक लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती है। पशुओं ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। इससे रोजाना सड़क हादसे होते रहते हैं।

### नुकसान पहुंचाते हैं खेती को

कई बार बेसहारा पशु लड़ते हुए लोगों के दुकानों या फिर घरों में घुस जाते हैं। जिससे काफी परेशानी होती है। सड़कों पर ऐसे पशुओं से सड़क हादसे बढ़ रहे हैं, पशुओं के हमले के शिकार लोग अपंग हो रहे हैं। प्रदेश में करीब 600 गोशालाएं है। बेसहारा पशु मुक्त अभियान चलाने वाला गोसेवा आयोग तथा बड़ा प्रशासनिक अमला मौजूद है और प्रदेश को करीब आठ साल पहले बेसहारा पशु मुक्त राज्य घोषित किया जा चुका है। प्रदेश में ऐसा कोई नगर या गांव नहीं है जहां पर बेसहारा पशु सड़कों पर घूमते हुए न मिलें।

### अभियान जल्द होगा शुरू

गोवंश को पकड़ने का अभियान फिलहाल शुरू नहीं हुआ। लेकिन इसके जल्द ही प्रारंभ होने की उम्मीद है। इसलिए प्रशासन ने पांच गोशाला को चिन्हित किया है। प्रत्येक खंड के लिए एक खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को सरकार ने बतौर नोडल अफसर नियुक्त करके उनकी ड्यूटी के बारे में अवगत करा दिया है। किसान सभा ने भी कई साल पहले सरकार के समक्ष मांग रखी थी कि खेती को आवारा पशुओं से बचाया जाए। क्योंकि सभा को किसान लगातार अवगत कराते थे कि आवारा पशुओं ने उनकी खेती को नुकसान पहुंचाते हैं।

### सराहनीय पहल



*गोवंश इधर से उधर भटकते घूम रहे थे। अब इन्हें गोशाला में आसरा मिल जाएगा। सरकार की पहल सराहनीय है।*
*-विकास श्योराण, पार्षद*

### अच्छा काम



*सरकार ने गोवंश को गोशाला में छोड़ने का निर्णय लेकर अच्छा काम किया है। ये कार्य गोवंश के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है।*
*-जसमेर सिंह, भैणी भैरो*

### देखभाल होगी



गोवंश की गोशाला में देखभाल हो जाएगी। भूख के मारे पॉलिथिन खाने से पशु बच जाएंगे। सर्दी में तो गऊ सबसे ज्यादा परेशान रहती थी।
*-नरेश कुमार, भैणी चंद्रपाल*

### ड्यूटी लगाई



जिले में पांच गोशाला गोवंश के लिए चिन्हित की गई हैं। खंड स्तर पर अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। सरपंचों को हिदायतें दी गई हैं कि उनके यहां आवारा घूम रहे गोवंश को गोशाला में छोड़ने की व्यवस्था करें।
-राजपाल चहल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी

### शहर में सड़कें नहीं हुई खाली

सरकार ने कई साल पहले शहरों की सड़कों को गोवंश से खाली कराने की शुरुआत की थी, लेकिन आज तक ये कार्य हुआ नहीं है। गर्मी के मौसम में तो सड़कों पर झुंड के झुंड के आ बैठते हैं। यहां बैठने से पशु कीट पंतगों के हमलों से बच जाते हैं।



### नगर पालिका ने शहीद मुकेश पार्क के पास से हटाया अतिक्रमण

**महम।** बुधवार को महम नगर पालिका द्वारा वार्ड एक में शहीद मुकेश पार्क के पास अवैध निर्माण हटाया। नगर पालिका सचिव नवीन नांदल, बिल्डिंग इंस्पेक्टर मुकेश दलाल और सेनेट्री इंस्पेक्टर ब्रह्मजीत जेसीबी मशीन व नगर पालिका की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। नगर पालिका अभियंता अशोक हुड्डा ने बताया कि खरकड़ा गांव के पूर्व सरपंच कुलदीप सिंह ने महम के वार्ड एक में शहीद मुकेश पार्क के पास दीवार बनाकर गली को बंद कर दिया था। साथ ही उसने वहां पर अवैध सर्विस स्टेशन बनाया हुआ है। सर्विस स्टेशन के साथ अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा था। बार बार नोटिस के बाद भी कुलदीप निर्माण कार्य नहीं बंद कर रहा था और न ही गली के बीच से दीवार हटा रहा था। बुधवार सुबह जेसीबी मशीन से अवैध निर्माण को तोड़ा गया। नगर पालिका द्वारा 2017-18 में बनाई गई गली से दीवार हटाकर उसको खोला गया है। गली खुलने से आमजन को राहत मिलेगी। नगर पालिका सचिव नवीन नांदल ने बताया कि गत दिवस जलघर के पास भी अवैध निर्माण गिराए गए थे। नगर पालिका सीमा में किसी को भी अवैध निर्माण करने की इजाजत नहीं है। नगर पालिका द्वारा नक्शा पास करवाकर वैध निर्माण ही किया जा सकता है।